# सराहनीय कार्य

## इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

***प्रेसनोट दिनांक 11.10.2025***

**इटावा पुलिस द्वारा अवैध आतिशबाजी/पटाखों के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से अनुमानित कीमत लगभग 1,50,000/- रू0 की आतिशबाजी/पटाखे बरामद।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में इटावा पुलिस **थाना बकेवर पुलिस** द्वारा की गयी कार्यवाही।

**घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-**

सुरक्षित, सौम्य एवं दुर्घटनारहित दीपावली सम्पन्न कराने की शासन की मंशानुरुप एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन मे जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अवैध रुप से पटाखा निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान एवं जनपदीय कानून व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत आज दिनांक 11.10.2025 को थाना बकेवर पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि निवाडी खुर्द बम्बा के पास पांडरी बाबा सरकार मन्दिर के निकट बनी कोठरी मे एक व्यक्ति अवैध अतिशबाजी व पटाखे बेच रहा है। सूचना पर तत्काल थाना बकेवर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर **01 व्यक्ति को ग्राम निवाड़ी खुर्द वम्बा के पास, पाड़री बाबा सरकार मंदिर के निकट बनी कोठरी से पकड़ लिया गया।**

**पुलिस पूछताछ-**

पुलिस टीम द्वारा पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो अभियुक्त ब्रिजेन्द्र उर्फ वीटू पुत्र आतम प्रकाश के कब्जे से **भारी मात्रा मे अवैध आतिशबाजी/पटाखे बरामद** हुये जिसके संबंध मे लाइसेन्स मागें जाने पर दिखाने मे असमर्थ रहा।

**उक्त गिरफ्तारी/ बरामदगीके संबंध मे थाना बकेवर पर मु0अ0सं0 349/25 धारा 9 (ख) विस्फोटक अधिनियम 1984 पंजीकृत किया गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्त**

बृजेन्द्र उर्फ वीटू पुत्र आतम प्रकाश निवासी ग्राम इकघरा थाना बकेवर जनपद इटावा **उम्र करीब 25 वर्ष।**

**पंजीकृत अभियोग-**

मु0अ0सं0 349/2025 धारा 9(ख) विस्फोट अधिनियम 1884 थाना बकेवर जनपद इटावा।

**बरामदगी- अवैध आतिशबाजी/पटाखे लगभग 85 किग्रा (अनुमानित कीमत 1,50,000/- रुपये,)**

1. अनार देसी – 30 पीस
2. सिंगल सीट पटाखे (मीडियम) – 70 पीस
3. छोटे पटाखे देसी – 04 पैकेट सीको
4. खुली फुलझडी – 70 पीस।
5. फुलझड़ी छोटी (तनिष्क ग्रीन कम्पनी) – 45 पैकेट
6. फुलझड़ी बड़ी (दीपक स्पार्कलेस कम्पनी) – 30 पैकेट
7. फुलझड़ी बड़ी (ताज ग्रीन कम्पनी) – 10 पैकेट
8. चकरी छोटी (ताज ग्रीन कम्पनी) – 10 पैकेट

**9.** चकरी छोटी (ग्राउंड चकर, बिना कम्पनी) – 18 पैकेट

**10.**चकरी मीडियम (ग्राउंड चकर, अशोका कम्पनी) – 5 पैकेट

**11.**चितम्बर कम्पनी – 1 पीस (30 शॉट्स)

**12.**सिद्धिक्षा कम्पनी – 02 पीस 30 शॉट्स

**13.**चितम्बर कम्पनी – 02 पीस 30 शॉट्स

**14.**चकरी बडी सुपर स्पीनर – 05 पैकेट

**15.**श्रीहरि कम्पनी – 01 पीस (12 शॉट्स)

**16.** 2 साउंड पटाखे (कृष्णा कम्पनी) – 10 पैकेट

**17.**चकरी बड़ी (गल हिमालयन कम्पनी) – 03 पैकेट

**18.**फुलझड़ी छोटी (सूर्या कम्पनी) – 10 पैकेट

**19.**लैला-मजनू – 16 पैकेट

**पुलिस टीमः-** थानाध्यक्ष बकेवर श्री विपिन मलिक, उ0नि0 धीरेन्द्र कुमार, हे0 का0 संजीवन लाल का0 कपिल कुमार, का0 अनुज कुमार ।